समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 30 September 2026

# बिहार मे 7279 स्पेशल स्कूल टीचरों की भर्ती, BPSC ने जारी किया नोटिफिकेशन।

Publisher

Published on 20 Jun 2025




## आवेदन प्रक्रिया 2 जुलाई से शुरू, अंतिम तारीख 28 जुलाई ; जानिए पात्रता, फीस और आवेदन का तरीका।

**बिहार सरकारी शिक्षक भर्ती:** बिहार में **सरकारी शिक्षक** बनने की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए बड़ी खुशखबरी है। **बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC)** ने स्पेशल **स्कूल शिक्षक भर्ती 2025** का आधिकारिक **नोटिफिकेशन** जारी कर दिया है। इस भर्ती अभियान के तहत **कुल 7279 पदों पर नियुक्ति** की जाएगी।

ऑनलाइन **आवेदन की प्रक्रिया 2 जुलाई 2025** से शुरू होगी और **उम्मीदवार 28 जुलाई 2025 तक आवेदन कर सकेगें**।

**किस पद पर होगी नियुक्ति ?**
इस विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत दो स्तरों पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी:
१. **प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5):** 5534 पद
२. **उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8):** 1745 पद

ये नियुक्तियाँ **राज्य सरकार** द्वारा निर्धारित **योग्यता** और **प्रक्रिया** के आधार पर की जाएंगी। चयन प्रक्रिया के लिए विस्तृत जानकारी **BPSC** की **आधिकारिक वेबसाइट** bpsc.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।

**आवेदन शुल्क कितना देना होगा ?**
**BPSC ने श्रेणी अनुसार** आवेदन शुल्क निर्धारित किया है:
१. **सामान्य/EWS/अन्य पिछड़ा वर्ग: ₹750**

२. **SC/ST/महिला/दिव्यांग (40%+): ₹200**
3. **बायोमेट्रिक शुल्क (आधार न होने पर): ₹200 अतिरिक्त**
४. **उम्मीदवारों को शुल्क का भुगतान ऑनलाइन मोड से करना होगा।**

**आवेदन कैसे करे ? (स्टेप बाय स्टेप गाइड)**

१. **आधिकारिक वेबसाइट** bpsc.bihar.gov.in पर जाएं
२. "**Special School Teacher Recruitment 2025**" लिंक पर क्लिक करें
३. **स्वयं को रजिस्टर करे**
४. **आवेदन फॉर्म को सही से भरे**
५. **शुल्क का भुगतान करे**
६. **फॉर्म सबमिट करे और भविष्य के लिए उसका प्रिंट आउट रखे**

**जरूरी तारीखे:**

| **प्रक्रिया** | **तारीख** |
|---|---|
| आवेदन शुरू | 2 जुलाई 2025 |
| आवेदन की अंतिम तिथि | 28 जुलाई 2025 |

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.